समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# नृत्य से मेकअप आर्टिस्ट्री तक : गायत्री ललबेगी की प्रेरणादायक उड़ान

Publisher Published on 16 Jan 2026



हर सफलता की कहानी एक सपने से शुरू होती है। 23 वर्षीया **गायत्री ललबेगी** के लिए यह सपना नृत्य की दुनिया से शुरू होकर मेकअप आर्टिस्ट्री तक पहुँचा। आज वह एक प्रतिभाशाली **मेकअप एवं लैश आर्टिस्ट** के रूप में पहचानी जाती हैं और बेहद प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बना चुकी हैं।

## नृत्य से शुरू हुआ रचनात्मक सफर

गायत्री की कलात्मक यात्रा महज़ छह वर्ष की उम्र में नृत्य से आरंभ हुई। पुणे के कई मंचों पर उन्होंने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं और अनेक पुरस्कार हासिल किए। इस सफर में उनकी दादी और परिवार का सहयोग सबसे बड़ी ताकत बना, जिन्होंने हर कदम पर उनका हौसला बढ़ाया।

लेकिन जीवन ने एक मोड़ लिया और व्यक्तिगत कारणों से उन्हें नृत्य क्षेत्र छोड़ना पड़ा। यह समय कठिन जरूर था, पर यहीं से एक नई शुरुआत की नींव भी रखी गई।

## मेकअप की दुनिया मे नंई पहचान

2022 के लॉकडाउन के बाद गायत्री ने अपने पुराने शौक—मेकअप—को करियर में बदलने का फैसला किया। उन्होंने प्रोफेशनल मेकअप कोर्स किया और पूरी लगन से इस कला को सीखने में जुट गईं। औपचारिक प्रशिक्षण से पहले ही वह खुद पर, परिवार के सदस्यों और मॉडलों पर अभ्यास कर अपना पोर्टफोलियो तैयार करने लगी थीं।

निरंतर मेहनत और समर्पण ने उन्हें आत्मविश्वास दिया। धीरे-धीरे क्लाइंट्स का भरोसा बढ़ा और सिफारिशों के जरिए उन्हें 5-स्टार होटलों, फैशन शोज़, ब्रांड शूट्स और प्रोफेशनल इवेंट्स में काम करने के अवसर मिलने लगे।

## चुनौतियों से बनी मजबूत पहचान

ब्यूटी इंडस्ट्री में कड़ी प्रतिस्पर्धा और लंबे कार्य घंटे आम बात हैं। गायत्री ने इन चुनौतियों का सामना धैर्य और दृढ़ता से किया। घंटों खड़े रहना, अलग-अलग स्वभाव के क्लाइंट्स के साथ काम करना और लगातार अपने कौशल को निखारना उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन गया।

गायत्री कहती हैं,
**"शुरुआत मे सब कुछ मुश्किल था, लेकिन मैनें रुकना नहीं सीखा। गलतियों से सीखती गई और खुद को बेहतर बनाती रही।"**

**सपनों की ओर बढ़ते कदम**

आज गायत्री ललबेगी अपने काम, अनुशासन और पेशेवर व्यवहार के लिए जानी जाती हैं। एक युवा डांसर से आत्मविश्वासी मेकअप आर्टिस्ट बनने तक का उनका सफर मेहनत और आत्मविश्वास की मिसाल है।

वह अपनी उपलब्धियों पर गर्व करती हैं, लेकिन मानती हैं कि उनके सपने अभी और बड़े हैं। मुस्कुराते हुए वह कहती हैं—
**"मेरा सफर अभी खत्म नहीं हुआ, असली उड़ान बाकी है।"**

**सम्मान और पहचान**

**गायत्री ललबेगी** की इस शानदार उपलब्धि को "**Maharashtra Business Icon 2025 / Maharashtra Style Icon 2025 / Maharashtra Fashion Icon 2025**" जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों के लिए चुना गया है। यह सम्मान **Reseal.in** और **India Fashion Icon Magazine** द्वारा उन उभरते उद्यमियों और रचनात्मक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है।

## भव्य पुरस्कार समारोह

इस पुरस्कार समारोह में कई प्रसिद्ध फिल्मी हस्तियाँ शामिल होंगी:
? **वर्षा उसगांवकर** – बॉलीवुड अभिनेत्री
? **सोनाली कुलकर्णी** – भारतीय अभिनेत्री
? **प्रार्थना बेहेरे** – भारतीय अभिनेत्री

यह आयोजन **श्री सुधीर कुमार पठाडे**, *Founder & CEO, Sure Me Multipurpose Pvt. Ltd. (Reseal.in)* के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा, जो महाराष्ट्र के उद्यमियों और प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच देने के लिए कार्यरत हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.